IS 15700:2005

सेवोत्तम प्रमाणित

# उ०प्र० आवास एवं विकास परिषद

104, महात्मा गांधी मार्ग, लखनऊ

Website : http://www.upavp.in Email : info@upavp.com

भारतीय मानक ब्यूरो IS 15700 SQMS BUREAU OF INDIAN STANDARDS

## प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के अंतर्गत ''भागीदारी में किफायती आवास'' हेतु डिमाण्ड सर्वे

प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत आवास एवं शहरी नियोजन अनुभाग–1 के शासनादेश दिनांक 26.09.2017 के अनुपालन में सूड़ा/डूडा द्वारा चिन्हित ''भागीदारी में किफायती आवास'' घटक के अंतर्गत पात्र व्यक्तियों को अवगत कराया जाता है कि प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत निर्धारित भवनों में रु. 2.50 लाख की सब्सिडी भारत सरकार तथा राज्य सरकार द्वारा प्रदान की जायेगी। सब्सिडी के अतिरिक्त उपरोक्त पात्र व्यक्तियों को प्रत्येक भवन हेतु रु. 2.00 लाख जमा करना होगा, जिसके अनुसार भवन के मूल्य पर नियमानुसार जी.एस.टी. भी चयनित पात्र व्यक्ति द्वारा देय होगी।

अतः सूडा/डूडा द्वारा चिन्हित पात्र व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि वे उत्तर प्रदेश आवास एवं विकास परिषद् द्वारा जनपद हरदोई में बावन रोड पर निकट राजकीय पॉलीटेक्निक खसरा संख्या–240 ग्राम–तत्यौरा पर प्रस्तावित 576 नग (जी+3) आवासों में भवन लेने के इच्छुक हो तो परिषद् के उपखण्ड कार्यालय डी–117/3–4, प्रहलादपुरी योजना, आवास विकास कालोनी, हरदोई में दिनांक **10.07.2018** तक अपना आवेदन–पत्र निम्नलिखित अभिलेखों के साथ जमा करने का कष्ट करें।

1. डूडा/सूडा में आवेदित/ऑन लाइन प्रार्थना–पत्र की स्व–सत्यापित छायाप्रति।
2. आधार कार्ड की स्व–सत्यापित छायाप्रति।
3. किस योजना में भवन क्रय करने के इच्छुक है, कि सूचना के साथ हस्ताक्षरित सहमति पत्र कलर फोटो सहित।

**आवास आयुक्त**

8x8 cm